हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, बुधवार 14 जनवरी 2026

12 ऑटोमैटिक स्वचालित मौसम सूचना केंद्र बनेगा



12 अग्र भागवत कथा का आयोजन कल से






## खबर संक्षेप

### प्रो. राजवीर सिंह बने पीजी कॉलेज के प्राचार्य

**नारनौल।** निदेशक उच्चतर शिक्षा विभाग ने प्रोफेसर राजवीर सिंह को पीजी कॉलेज का प्राचार्य नियुक्त किया है। प्रो. राजवीर सिंह वर्तमान में राजकीय महाविद्यालय रेवाड़ी में प्राचार्य के पद पर आसीन हैं। जिन्हें राजकीय महाविद्यालय, राजकीय शिक्षण महाविद्यालय, जिला पुस्तकालय रेवाड़ी का कार्यभार सौंपा है। जिले के दोनों महाविद्यालयों व पुस्तकालय के सभी स्टाफ सदस्यों ने बधाई दी।

### वरिष्ठ नागरिक संगठन की बैठक 18 को

**नारनौल।** वरिष्ठ नागरिक संगठन की मासिक बैठक 18 जनवरी को किला रोड स्थित संगठन के कार्यालय साध्वी बहन मिश्री देवी आश्रम में होगी। संगठन के संयुक्त सचिव प्रो. शिवहरी अग्रवाल ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता संगठन के प्रधान दुलीचन्द शर्मा करेंगे। जिसमें वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के साथ-साथ शहर की ज्वलंत समस्याओं पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

### कांटी में मकर संक्रांति पर मेला आज

**मंडी अटेली।** मकर संक्रांति के उपलक्ष्य पर बाबा गणेश दास दास जी का मेला अटेली क्षेत्र के गांव कांटी में 14 जनवरी को लगेगा। जानकारी देते हुए ठाकुर जी मंदिर के सेवा समिति ट्रस्ट कांटी के सचिव अनिरुद्ध ने बताया की मेले में कुश्ती दंगल आयोजित किया जाएगा। मेले में 51 रुपए से लेकर 51 हजार रुपए तक की कुश्तियां होंगी। मेले में रात्रि को बाबा का कीर्तन व भजन भी होंगे। वहीं शुद्ध देसी घी का भंडारा नानक चंद द्वारा किया जाएगा। इस मेले में मुख्य कोच नानक पाल सिंह पहलवान रहेंगे। मेले में रात्रि को बाबा का कीर्तन व भजन भी होंगे।

### खंड स्तरीय महिला खेलकूद स्पर्धा कल

**महेंद्रगढ़।** महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय की ओर से आगामी 15 जनवरी को सुबह 10 बजे श्री कृष्णा स्कूल के खेल मैदान में खंड स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में विधायक कंवर सिंह यादव मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे। महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी सुनीता देवी ने बताया कि इसमें 18 से 30 वर्ष की महिलाओं के लिए 300 मीटर व 400 मीटर दौड़, पांच किलोमीटर साईकिल दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को 2100 रुपये, द्वितीय को 1100 रुपये व तृतीय को 750 रुपये का नगद पुरस्कार दिया जाएगा।

### आरपीएस स्कूल राष्ट्रीय स्तर पर रहा प्रथम

**नारनौल।** भारत विकास परिषद की ओर से आयोजित भारत को जानो प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के राष्ट्रीय स्तर पर आरपीएस स्कूल सुराना ने कनिष्ठ वर्ग में प्रथम स्थान हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता 11 जनवरी को महाराष्ट्र के पुणे शहर में आयोजित की गई थी। स्कूल के प्राचार्य बाबूलाल यादव ने बताया कि कनिष्ठ वर्ग में रिहान यादव व भावना की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। दोनों छात्रों को अध्यापक सुशील शर्मा व जतिन सोनी ने मेहनत करवाकर यह उपलब्धि हासिल की। विजेता टीम को आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने सम्मानित किया।

रामनगर में चार्जिंग में लगी इलेक्ट्रिक स्कूटी में ब्लास्ट, कमरे में लगी आग, दो दशक पहले बड़कोदा से आकर बसा था परिवार

# उठ तक ही नहीं पाया शिवकुमार, झुलसने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

नसीबपुर अधीन रामनगर कॉलोनी में बीती रात्रि करीब नौ बजे कमरे के अंदर खड़ी इलेक्ट्रिक स्कूटी में चार्जिंग के दौरान अचानक ब्लास्ट होने से कमरे में आग लग गई। इस आगजनी में न केवल कमरे के अंदर रखा सारा सामान जल गया, बल्कि उसके अंदर चारपाई पर सो रहे करीब 58 वर्षीय शिव कुमार बावरिया की मौत हो गई।

गांव बड़कोदा निवासी शिव कुमार लगभग दो दशक पहले गांव नसीबपुर में प्लाट खरीदने उपरांत उसमें मकान बनाकर रहने लगा था। उसने प्लाट की चारदीवारी की हुई है तथा एक बड़ा कमरा एवं एक रसोई बनी हुई है। इसके अलावा पशुओं को बांधने की टीनशेड भी बनाई हुई है। बीती रात को जब वह अपने कमरे में सो रहा था, तब उसके कमरे के अंदर खड़ी इलेक्ट्रिक स्कूटी में ब्लास्ट हो गया तथा कमरे में भीषण आग लग गई। यह धमाके कई बार हुए। उस वक्त स्कूटी चार्जिंग में लगी थी। आग तेजी से कमरे में फैलने पर अन्य सारा सामान भी जल गया तथा इसमें शिवकुमार भी बुरी तरह से झुलस गया। जब ब्लास्ट हुआ, तब उसकी बिटिया खाना पका रही थी। ब्लास्ट होने पर उसने कमरे की ओर देखा तो उसे आग ही आग दिखाई दिया और इस पर उसकी चीख–पुकार निकल गई। इस पर आसपास के घरों के लोग उनके घर पहुंचे और आगजनी देखकर तुरंत फॉयर ब्रिगेड एवं पुलिस को फोन किया। फायर ब्रिगेड के पास नौ बजकर तीन मिनट पर फोन पहुंचा। इस पर पुलिस की डॉयल 112 की गाड़ी मौके पर पहुंची। दूसरी ओर कॉल उपरांत तुरंत ही फायर की दो गाड़ियां रवाना की गई, जिन्होंने मौके पर पहुंच आगजनी पर काबू पाने का प्रयास किया। इसी आगजनी में शिवकुमार झुलसने के कारण बिस्तर से उठ तक नहीं सका। उनको कमरे से बाहर निकाला, तब तक उसका बिस्तर एवं शरीर काफी हद तक जल चुके थे। चेहरा एवं हाथ बुरी तरह झुलसे हुए थे। उसे तुरंत नागरिक अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे उपचार देना शुरू किया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।





**नारनौल।** जली पड़ी इलेक्ट्रिक स्कूटी व घर के आंगन में रोती–बिलखती महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

### चिकित्सकों के बोर्ड ने किया पोस्टमार्टम

अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ने उपरांत शिव कुमार मामले में महावीर चौक पुलिस ने परिजनों के बयान पर इत्तेफाक हादसे एवं आगजनी की कार्रवाई की और शव का नागरिक अस्पताल के चिकित्सकों से पोस्टमार्टम कराया तथा उसे परिजनो को सौंप दिया। शव का परिजन उसी आगजनी वाले घर लेकर गए तथा उसकी अंतिम रस्में निभाई। वहां से शव को उसके पैतृक गांव बड़कोदा ले जाया गया, जहां ग्रामीणों की मौजूदगी में उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस हादसे उपरांत परिजनों खासकर बिटिया एवं पत्नी का रो–रोकर बुरा हाल है। उसका बेटा एवं अन्य परिजन भी गमजदा हैं, क्योंकि इस परिवार का शिवकुमार ही सहारा था और वही मेहनत–मजदूरी करके पेट पालता था। परिजनों ने प्रशासन एवं सरकार से आर्थिक मदद की गुहार भी लगाई है।

### कमरे में चार्ज करता था स्कूटी

मृतक के बेटे दिनेश एवं भतीजे राकेश ने बताया कि शिवकुमार ने करीब सवा साल पहले 10 अक्टूबर 2024 को अटेली से इलेक्ट्रिक स्कूटी खरीदी थी। यह इलेक्ट्रिक स्कूटी उसी कमरे के अंदर खड़ी थी, जिसमें शिवकुमार सो रहा था। परिजनों का कहना है कि वह स्कूटी को अंदर खड़ी करके रात को चार्ज करता था और बीती रात्रि भी वह स्कूटी को चार्ज में लगाकर सो गया था। उस वक्त उसकी बिटिया पुष्पा घर पर खाना बना रही थी, जबकि उसकी पत्नी अपनी बड़ी बिटिया के ससुराल संक्रात पर्व की सामग्री देने गई हुई थी और पीछे से आगजनी की घटना हो गई, जिसमें जलने से शिवकुमार की मौत हो गई।

### मजदूरी करता था शिवकुमार



शिव कुमार बावरिया समाज से था और वह गांव बड़कोदा से करीब 20 साल पहले रामनगर में आकर बस गया था। वह यहां पर मजदूरी करता था तथा एक झोटा भी रखता था। रात को वह कमरे में अकेला ही सो रहा था। शिव कुमार ने अटेली से लाल रंग की स्कूटी की थी तथा उस पर टॉक्समो राइनो प्लस लिखा हुआ था। इस स्कूटी की खासियत यह है कि इसके चलाने के लिए आरटीए से रजिस्ट्रेशन कराने तथा इसको चलाने के लिए ड्राइविंग लाइसेंस की जरूरत नहीं होती।

### घर का सामान भी जल गया

स्कूटी में ब्लास्ट हो जाने के बाद घर में लगी आग के कारण घर का भी काफी सामान जल गया। आग लगने से घर में लगा फर्नीचर, दरवाजे, दो सिलाई मशीन, जंगलों के अलावा बैड, सोफे तथा संदूकों में रखे कपड़े इत्यादि जल गए। दमकल कर्मियों ने बताया कि उन्होंने करीब आधे घंटे में आग पर काबू पाया तथा शिवकुमार को कमरे से निकाला।



### सेना भर्ती के लिए शारीरिक दक्षता व मापदंड परीक्षा 28 से 12 फरवरी तक

**नारनौल।** सेना भर्ती कार्यालय चरखी दादरी की ओर से अग्निवीर श्रेणी, अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर क्लर्क, स्टोर कीपर टेक्निकल, अग्निवीर टेक्निकल व अग्निवीर ट्रेड्समैन के लिए सेना भर्ती 2025-2026 अग्निवीर स्कीम तथा स्थाई श्रेणी के तहत ऑनलाइन परीक्षा पास कर चुके उम्मीदवारों के लिए 28 जनवरी से 12 फरवरी के बीच शारीरिक दक्षता एवं मापदंड परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।

सेना भर्ती कार्यालय चरखी दादरी की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति अनुसार शारीरिक दक्षता एवं मापदंड परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों को 28 जनवरी से 12 फरवरी के बीच एडमिट कार्ड पर दिए गए समय के अनुसार भीम स्टेडियम भिवानी में उपस्थित होना होगा। उन्होंने बताया कि यह भर्ती रैली उन अभ्यार्थियों के लिए है, जिन्होंने सीईई परीक्षा जून 2025 में उत्तीर्ण की है।

### शहर में पुराने होटल की इमारत का छज्जा भरभराकर गिरा, लोग सहमे

**नारनौल।** शहर में सोमवार रात करीब साढ़े नौ बजे बड़ा हादसा होते-होते टल गया। जानकारी के अनुसार बहरोड़ चौक के पास स्थित पुराने होटल की इमारत का आगे का छज्जा व उसका काफी बड़ा हिस्सा अचानक भरभराकर गिर गया। घटना के समय जोरदार धमाका हुआ, जिससे आसपास के लोग सहम गए। तेज आवाज सुनकर लोग अपने घरों से बाहर निकल आए तथा कुछ ही देर में मौके पर काफी भीड़ जमा हो गई। बता दें कि होटल अशोक प्लाजा काफी लंबे समय से बंद है। जिसकी इमारत काफी जर्जर हालत में थी। इमारत की हालत पहले से ही खराब थी और कई बार इसके गिरने की आशंका जताई जा चुकी थी। सोमवार रात अचानक छज्जा व सामने का बड़ा हिस्सा गिरने से आसपास की दुकानों को नुकसान पहुंचा है। होटल में संचालित पिज्जा कैफे के बाहर रखा काउंटर, फर्नीचर व अन्य सामान मलबे की चपेट में आकर क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत यह रही कि घटना रात के समय हुई। इसी कारण कोई जनहानि नहीं हुई।

### महेंद्रगढ़ की दीपिका ने जापान में किया नाम रोशन



***महेंद्रगढ़।*** *जब कुछ कर गुजरने का जज्बा हो तो संसाधन व परिस्थितियां मायने नहीं रखते। ऐसा ही उदाहरण प्रस्तुत किया है महेंद्रगढ़ की छात्रा दीपिका ने। महेंद्रगढ़ निवासी महाराणा प्रताप यूनिवर्सिटी करनाल की छात्रा का चयन बागबानी पर नवीनतम तकनीकी शोध करने के लिए चयन कर गत दिनों जापान भेजा गया। विश्वविद्यालय द्वारा केवल चार विद्यार्थी का चयन कर जापान भेजा गया। जहां से ये विद्यार्थी किसानों को खेती फायदे का सौदा बन सके, विषय पर नवीनतम तकनीकी जानकारियां प्रदान करेंगे। महेंद्रगढ़ निवासी छात्रा दीपिका के पिता संजय जांगड़ा स्वयं एक शिक्षक है। परिवार ने बेटा बेटी भेदभाव का संदेश खत्म करने का संदेश देते हुए दीपिका को प्रारंभ से ही घर में शिक्षा की गुणवत्ता माहौल दिया। जापान से वापिस लौटने पर महिला सशक्तिकरण की आवाज नगर पालिका की वाइस चेयरमैन मंजू कौशिक सहित श्रीराम कॉलोनी से अनेक लोगों ने दीपिका को बधाई दी। कोच्चि यूनिवर्सिटी जापान से प्रशिक्षण लेकर लौटी दीपिका ने कहा कि किसानों को जापान में किस तरह नई तकनीकों की जानकारी तापमान के विपरित और अनुकूल स्थिति में दी जा रही हैं, के बारे में हरियाणा के किसानों को जागरूक किया जाएगा।*

एरियर खातों में डालना शुरू

# सफाई कर्मियों की हड़ताल खत्म

- बकाया एरियर को लेकर पिछले सात दिनों से जारी थी हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

समान काम समान वेतन का छह साल का बकाया एरियर सफाई कर्मचारियों के खातों में डालना शुरू कर दिया गया है। ऐसे में गत सात दिनों से चली आ रही नगर परिषद के कर्मचारियों ने हड़ताल को खत्म कर दिया है और काम पर लौटने का निर्णय लिया है।

मंगलवार को भी कर्मचारियों की हड़ताल जारी थी और इसी के मद्देनजर नगर परिषद परिसर में धरने का भी आयोजन किया था, जो अब समाप्त हो गया है। इस धरने की अध्यक्षता जिला प्रधान राहुल सारवान ने की। जिला प्रधान सारवान ने बताया कि नगर परिषद में गत सात दिनों से बकाया एरियर की मांग को लेकर काम छोड़ हड़ताल चल रही थी। जिला महेंद्रगढ़ में समान काम समान वेतन 2017 से 2023 तक छह साल का एरियर बकाया था, जो नगर परिषद के सभी कर्मचारियों के खाते में डाल दिया गया है। हमारी यही मांग थी कि जब तक जिला महेंद्रगढ़ की एक भी नगर परिषद या नगर पालिकाओं के कर्मचारीयों के खाते में एरियर डाल दिया जाएगा, उसके बाद ही कर्मचारी हड़ताल खोलेंगे।

आज नगर परिषद नारनौल के कर्मचारियों के खाते में एरियर डाला जा चुका है। इसलिए कर्मचारी जिला महेंद्रगढ़ की काम छोड़ हड़ताल खोली दी गई है।



**नारनौल।** नगर परिषद में धरने को संबोधित करते जिला प्रधान राहुल सारवान।





# इतिहास बदलने की दास्तान है 'स्पेस जेन : चंद्रयान'

**मुंबई।** 'पंचायत' के मेकर्स की नई वेब सीरीज 'स्पेस जेनः चंद्रयान' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यह सीरीज ओटीटी पर गणतंत्र दिवस के मौके पर रिलीज हो रही है। कहानी चंद्रयान-2 की असफलता के बाद की वैज्ञानिक चुनौतियों और फिर इतिहास रचने की दास्तान की है। यह वेब सीरीज हिंदुस्तान के उस सपने की कहानी है, जिसमें हारना और हार के बाद फिर से उठकर इतिहास बदलने की दास्तान है। यह कहानी है इंडियन स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन के चंद्रयान-2 मिशन की नाकामी और फिर चंद्रयान-3 मिशन की ऐतिहासिक सफलता की। अनंत सिंह के डायरेक्शन में बनी यह सीरीज 'स्पेस जेनः चंद्रयान' के ट्रेलर की शुरुआत सवालों से होती है।

लाइफ Style



# तापसी

## दूसरों को गिराने के लिए दिए जा रहे पैसे

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री तापसी पन्नू अपनी महिला आधारित फिल्मों और शानदार अभिनय के अलावा, अपनी बेबाकी के लिए भी जानी जाती हैं। तापसी अक्सर हर मुद्दे पर खुलकर अपनी राय रखती हैं। अब तापसी ने इंस्ट्री में चलने वाले पीआर गेम पर अपनी राय रखते हुए इसकी आलोचना की है। साथ ही उन्होंने कहा कि वो खुद को इस पीआर गेम से दूर रखती हैं।


तापसी ने पीआर को लेकर सवाल भी उठाया है। एक बातचीत के दौरान एक्ट्रेस ने कहा कि आजकल इंडस्ट्री में पीआर गेम काफी बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि मैं अपने कामों में बहुत व्यस्त थी। लेकिन, पिछले डेढ़-दो साल से मैंने अपनी रफ्तार धीमी कर दी है और यह एक सोची-समझी कोशिश भी थी। मैंने महसूस किया है कि यह पीआर गेम एक अलग ही स्तर पर पहुंच गया है। आप या तो खुद को आगे बढ़ाने के लिए पैसे दे रहे हैं, जो पीआर करने का एक तरीका था। आप किसी और को नीचे गिराने के लिए भी पैसे दे रहे हैं। अभिनेत्री ने आगे कहा कि मुझे ये नहीं समझ में आता कि कब से आपकी सफलता किसी और की असफलता पर निर्भर करने लगी? लोग प्रासंगिक बने रहने के लिए अपने व्यक्तित्व का एक नया मुखौटा बना रहे हैं। मैं सिर्फ किसी हिट फिल्म में होने से संतुष्ट नहीं हूं, मुझे भी अपनी एक सशक्त आवाज चाहिए, भले ही वह आपकी न हो। लेकिन, आपको अपनी एक आवाज बनानी होगी। फिल्मों से परे आप जो आवाज बनाने की कोशिश कर रहे हैं, वह आपके काम से मेल नहीं खाती। यही विरोधाभास है। आप फिल्मों से परे होने की बात कर रहे हैं, लेकिन आपका काम कुछ और ही कह रहा है।

हॉलीवुड मसाला




# साइरंस किस में आएंगे नजर

**लॉस एंजिल्स।** कोरियन सीरीज को लेकर भारत में भी अच्छा-खास क्रेज देखा जाता है। जल्द ही 'स्क्विड गेम'सीरीज एक्टर वी हाजुन एक नई कोरियन सीरीज 'साइरंस किस'में नजर आएंगे। इन दिनों भारतीय दर्शक कोरियन सीरीज को बड़ी संख्या में देख रहे हैं। ऐसे में कई स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर कोरियन सीरीज स्ट्रीम होती है। जल्द ही एक सीरीज 'साइरंस किस' भी दर्शक देख पाएंगे। साइरंस किस सीरीज में कॉन्फिडेंस क्वीन फेम की पार्क मिनयंग और स्क्विड गेम स्टार वी हाजुन नजर आएंगे।




# द ब्लफ के निर्देशक फ्रैंक ई. फ्लावर्स का किया वेलकम

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपनी आगामी हॉलीवुड एक्शन फिल्म 'द ब्लफ' को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। आज प्रियंका ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर 'द ब्लफ' के निर्देशक फ्रैंक ई फ्लावर्स के साथ अपनी एक खास तस्वीर शेयर की है। इसके साथ ही प्रियंका ने फ्रैंक के लिए एक वेलकम नोट भी लिखा है। प्रियंका चोपड़ा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर आगामी एक्म 'द ब्लफ' के निर्देशक फ्रैंक ई. फ्लावर्स को लेकर एक पोस्ट शेयर किया है। प्रियंका ने फ्रैंक ई. फ्लावर्स के साथ एक खास तस्वीर इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर की, जिसमें प्रियंका फ्लाइंग किस करती नजर आ रही है। और फ्रैंक उनके साथ सेल्फी खींचते नजर आ रहे हैं। यह तस्वीर शायद 'द ब्लफ' की शूटिंग के दौरान की है। इस तस्वीर के साथ प्रियंका ने कैप्शन में लिखा, 'फिल्म 'द ब्लफ' के निर्देशक फ्रैंक आपका इंस्टाग्राम पर स्वागत है।'



# मैं धरम जी के बेटों के बेहद करीब...

**मुंबई।** हेमा मालिनी ने धर्मेंद्र के बेटों सनी और बॉबी देओल के बीच अनबन की अफवाहों को खारिज कर दिया है। एक इंटरव्यू में उन्होंने परिवार के आपसी संबंधों और सनी द्वारा धर्मेंद्र की विरासत को आगे बढ़ाने की योजनाओं के बारे में बात की। दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र का 24 नवंबर 2025 को मुंबई में उनके घर पर निधन हो गया। वे 89 साल के थे। उनके निधन के बाद देओल परिवार के रिश्तों पर लोगों की नजर टिक गई। इन अफवाहों पर हेमा मालिनी ने एक इंटरव्यू में कहा, 'सनी और बॉबी के साथ मेरा रिश्ता हमेशा बहुत अच्छा और प्यार भरा रहा है। आज भी वैसा ही है। मुझे समझ नहीं आता कि लोग हमारे बीच कुछ गड़बड़ क्यों सोचते हैं। लोग बस गपशप करना चाहते हैं। मुझे उन्हें जवाब क्यों देना चाहिए? कोई सफाई देना जरूरी नहीं है?



# अशरफ से जुड़ रहा नोरा का नाम...

**मुंबई।** नोरा फतेही अपनी अदाकारी और अपनी जबरदस्त डांस की वजह से सुर्खियों में रहती हैं। इस बार वह अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में हैं। नोरा फतेही मोरक्को मूल की हैं। वह 'अफ्रीका कप ऑफ नेशंस' 2025 के क्वार्टर फाइनल में मोरक्को की फुटबॉल टीम को चीयर करती दिखीं। इस टीम के कप्तान अशरफ हकीमी हैं। नोरा फतेही का नाम इसी फुटबॉलर से जोड़ा जा रहा है। अशरफ हकीमी की पहले स्पेनिश अभिनेत्री हिबा अबूक से शादी हो चुकी है। उनका रिश्ता 2020 से 2023 तक चला। उनके दो बच्चे आमीन और नईम हैं। साल 2023 में इस कपल का तलाक हो गया। हिबा स्पेनिश की कई मशहूर फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। हाल ही में मोरक्को की टीम की जीत के बाद नोरा फतेही ने अपने इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा 'जबरदस्त खेल था!

टीवी मसाला




# सुनील लेकर आ रहे भारत के सुपर फाउंडर्स

**नई दिल्ली।** फिल्मों में अपना दमदार अभिनय दिखाने के बाद अब अभिनेता सुनील शेट्टी ओटीटी पर वापसी करने वाले हैं, वो भी एक अलग अंदाज में। सुनील शेट्टी एक नया रियलिटी शो ला रहे हैं, जिसका नाम है 'भारत के सुपर फाउंडर्स'। यह शो 16 जनवरी से शुरू हो रहा है। शो अमेजन एमएक्स प्लेयर पर स्ट्रीम करेगा, जहां इसे बिल्कुल फ्री में देखा जा सकता है। शो का नया एपिसोड हर शुक्रवार-शनिवार दोपहर 12 बजे से स्ट्रीम करेगा। सुनील शेट्टी इस शो में बतौर होस्ट नजर आएंगे। शो का ट्रेलर सामने आ गया है। भारत के सुपर फाउंडर्स में उद्योग जगत के दिग्गजों का एक प्रतिष्ठित पैनल भारत के उन नए उद्यमियों का समर्थन करने के लिए एक साथ आया है। ये काफी हद तक 'शार्क टैंक' जैसा है। शो की थीम बिजनेस पर आधारित है, जिसमें नए बिजनेसमैन या इंट्राप्रेन्योर अपने आइडियाज और स्टार्टअप्स पैनल में मौजूद दिग्गज उद्यमियों से साझा करेंगे। इसके बाद अगर पैनल संतुष्ट होता है या पैनल का कोई एक सदस्य संतुष्ट होता है, तो उनके स्टार्टअप में इन्वेस्टमेंट करेगा। ट्रेलर में 100 करोड़ रुपये के इन्वेस्टमेंट पूल को प्रमुखता से दिखाया गया है, जो किसी भारतीय इंट्राप्रेन्योरियल रियलिटी सीरीज का अब तक का सबसे बड़ा अमाउंट है। इस निवेश को बिजनेस इंडस्ट्री के दिग्गजों के एक पैनल और रिकर क्लब का समर्थन प्राप्त है। शो का फोकस भारत भर के उन इंट्राप्रेन्योर्स पर है, जिनमें छोटे शहर और उभरते बाजार शामिल हैं। जो वास्तविक जरूरतों और मजबूत इरादों पर आधारित व्यवसाय स्थापित कर रहे हैं। सुनील शेट्टी शो में होस्ट और मेंटर के रूप में नजर आएंगे।

## द 50 शो का पहला लुक आया सामने

**नई दिल्ली।** कलर्स टीवी पर नए रियलिटी शो 'द 50' का पहला लुक सामने आने के बाद से ही दर्शक एक्साइटेड हैं। हालांकि, मेकर्स ने फराह खान



को होस्ट के रूप में दिखा दिया है, लेकिन कंटेस्टेंट्स और शो के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं बताई गई है। अब, 'द 50' के बारे में सारी बातें सामने आई है, ये एक ऐसा शो है जिसके बारे में मेकर्स का मानना है कि यह भारत में नॉन-फिक्शन टेलीविजन की दुनिया को बदल देगा। 1 फरवरी को प्रीमियर होने वाले उनके नए शो के बारे में पूछे जाने पर आलोक जैन ने बताया, 'द 50' में हम 50 सेलिब्रिटी कंटेस्टेंट्स को एक मंच पर लाएंगे और उन्हें कुछ बेहद एंटरटेनिंग टास्क पूरे करने होंगे। इसमें एलिमिनेशन भी होंगे। और लगभग 50 एपिसोड के बाद हमें विनर मिल जाएगा।' रियलिटी शो 'द 50' का प्रीमियर 1 फरवरी से रात 9 बजे जियोहॉटस्टार और रात 10:30 बजे कलर्स टीवी पर होगा।

# बॉलीवुड सेलेब्स ने मनाई लोहड़ी फैंस को दीं शुभकामनाएं








**मुंबई।** लोहड़ी का त्योहार खुशियों, समृद्धि और नई शुरुआत का प्रतीक माना जाता है। लोहड़ी के खास मौके पर लोग अलाव जलाकर नाच-गाना करते हैं और उसकी परिक्रमा करते हैं। अग्नि में तिल, गुड़, गजक, रेवड़ी और मूंगफली डालते हैं। लोहड़ी के मौके पर कई बॉलीवुड सेलेब्स अक्षय कुमार, शिल्पा शेट्टी, अनिल कपूर और रवीना टंडन के अलावा कई सेलेब्स ने अपने फैंस को लोहड़ी की शुभकामनाएं दी हैं। रवीना टंडन ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह पिंक सूट में हाथ जोड़े लोहड़ी की शुभकामनाएं देती नजर आ रही हैं। इस पोस्ट के साथ रवीना ने लिखा, 'जैसे आज रात आग की लपटें नाचेंगी, वैसे ही आपका दिल भी खुशी और शांत जीत के साथ नाचे।' अक्षय कुमार ने इंस्टाग्राम स्टोरी शेयर पर अपने फैंस को लोहड़ी की हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। अक्षय ने पंजाबी में फैंस के लिए लिखा, 'आपको और आपके पूरे परिवार को लोहड़ी की लख-लख बधाई। वाहेगुरु जी आप सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें और सभी के घरों को खुशियों से भर दें।' शिल्पा शेट्टी ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक तस्वीर शेयर की और लिखा, 'हैप्पी लोहड़ी, आपकी यह लोहड़ी जोरदार हंसी और परिवार के साथ ढेर सारी खुशी के पलों से भरी हो। यह एक नई शुरुआत है और आग सारी नेगेटिविटी को दूर ले जाए, सिर्फ रोशनी, गर्माहट और खुशी बाकी रहे।' अनिल कपूर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक तस्वीर शेयर की और फैंस को लोहड़ी की शुभकामनाएं देते हुए लिखा, 'आग की गर्मी आपके घर में खुशियां, समृद्धि और सफलता लाए।' जैकी श्रॉफ और 'बिग बॉस 19' की कंटेस्टेंट अशनूर कौर ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर फैंस को लोहड़ी की शुभकामनाएं दी हैं। वहीं विक्की कौशल के पिता शाम कौशल ने भी सभी को लोहड़ी की लख-लख बधाई दी है। शाम कौशल ने लिखा, 'यह लोहड़ी आपके जीवन में ढेर सारी खुशियां लाए।'

# रंग दे बसंती ने जगाया देशप्रेम, 3 इडियट्स ने दिखाई अलग राह, इन फिल्मों ने युवाओं का बदला नजरिया

**नई दिल्ली।** स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को अलग तरह से सोचने की प्रेरणा दी। नई लीक पर चलने का साहस दिया। इन्हीं मूल्यों को हिंदी सिनेमा ने भी अपनाया है। यही कारण है कि कई फिल्में बॉलीवुड में ऐसी बनीं, जिन्होंने युवाओं को इंस्पायर किया। इन फिल्मों में बॉलीवुड के नामी कलाकारों ने भी अभिनय किया।

**3 इडियट्स :** आमिर खान की फिल्म '3 इडियट्स'को हर उम्र के दर्शकों ने पसंद किया था लेकिन इस फिल्म को सबसे ज्यादा युवा पीढ़ी ने सराहा। इस फिल्म से कई यंगस्टर इंस्पायर हुए। उन्हें जिंदगी में कुछ अलग और नया काम करने की हिम्मत मिली। फिल्म में तीन इंजीनियरिंग स्टूडेंस की कहानी थी। फिल्म में रेंचो (आमिर खान ), राजू ( शरमन जोशी) और फरहान (आर माधवन ) के जरिए युवाओं को यह मैसेज दिया गया कि उन्हें वो काम करना चाहिए, जो खुशी दे। समाज के बनाए नियमों से पार जाकर अपने लिए अलग राह बनानी चाहिए, कुछ अलग सोचना चाहिए।

**रंग दे बसंती :** फिल्म 'रंग दे बसंती'ने युवाओं के मन में देशभक्ति का भाव पैदा किया था। देश के लिए कुछ करने की चाह पैदा की थी। फिल्म की कहानी में भगत सिंह जैसे स्वतंत्रता सेनानियों की सोच को अहमितय दी गई। इस फिल्म में आमिर खान ,सोहा अली खान, आर माधवन, सिद्धार्थ, शरमन जोशी, कुणाल कपूर, अतुल कुलकर्णी जैसे चर्चित कलाकार नजर आए थे। यह फिल्म युवाओं को भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने के लिए इंस्पायर करती है।



**12वीं फेल :** विक्रांत मैसी स्टारर फिल्म '12वीं फेल'भी यंगस्टर को बड़े सपने देखने के लिए इंस्पायर करती है। इस फिल्म में एक गरीब लड़के के आईएएस ऑफिसर बनने की कहानी है। यह फिल्म असफलता से निराश ना होने की बात करती है। ईमानदारी से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है।

**चक दे इंडिया :** शाहरुख खान स्टारर फिल्म 'चक दे इंडिया में एक ऐसे कोच की कहानी थी, जो एक महिला हॉकी टीम को तैयार करता है। इस कहानी में कोच का रोल शाहरुख खान ने निभाया था। आज भी यह फिल्म स्पोर्ट्स लवर की फेवरेट बनी हुई है। वहीं इस फिल्म ने लड़कियों को खेलों में आने के लिए इंस्पायर भी किया था।

**दंगल :** फिल्म 'दंगल'ने भी महिला सशक्तिकरण की बात बहुत ही अलग ढंग से फिल्म में कहा। कई युवा लड़कियों के लिए यह फिल्म एक प्रेरणा बन गई। आमिर खान की फिल्म 'दंगल' की कहानी पहलवान महावीर सिंह फोगट के जीवन पर आधारित थी। फिल्म में महावीर सिंह का रोल आमिर खान ने किया था। कैसे महावीर सिंह फोगट ने अपनी बेटियों को रेसलर बनाया, इसके लिए क्या-क्या संघर्ष किया, यही सब फिल्म में दिखाया गया है। फिल्म में फोगट बहनों का रोल फातिमा सना शेख, सान्या मल्होत्रा ने किया था।

## कई फिल्मों में दिखा मकर संक्रांति का उल्लास और उमंग

# बड़े पर्दे पर पतंगबाजी करते दिखे शाहरुख और सलमान

***नई दिल्ली।*** *मकर संक्रांति का उत्सव देश भर में उल्लास-उमंग के साथ मनाया जाता है। इस त्योहार में बड़े और बच्चे मिलकर पतंगबाजी भी करते हैं। इस त्योहार को बॉलीवुड फिल्मों में भी बड़ी खूबसूरती से दिखा गया है। हिंदी फिल्मों में भारतीय त्योहार कहानियों का अहम हिस्सा रहे हैं। हमारे त्योहारों, इसकी परंपरा पर फिल्मों में कई गाने भी सुनने को मिलते हैं। कई गाने तो बहुत हिट भी रहे हैं। होली, दिवाली, करवाचौथ के गीत बहुत बड़ी संख्या में हिंदी फिल्मों में रखे जाते हैं। 14 जनवरी को मकर संक्रांति का त्योहार है। मकर संक्रांति पर भी फिल्मी गीत, सीन्स कई बॉलीवुड फिल्मों में दिखे हैं।*



### हम दिल दे चुके सनम

सलमान खान और ऐश्वर्या राय की फिल्म 'हम दिल दे चुके सनम(1999)' को दर्शकों से काफी प्यार मिला था। इस फिल्म में मकर संक्रांति का त्योहार दिखाया गया था। साथ ही एक गाना 'ढील दे दे रे भईया'सलमान खान पर फिल्माया गया था। वह फिल्म में पतंगबाजी करते हुए नजर आते हैं। यह गाना आज भी मकर संक्रांति पर खूब पसंद किया जाता है, पतंगबाजी करते हुए लोग इस गाने को गाते या सुनते हैं। सलमान खान की 2016 में रिलीज हुई फिल्म 'सुल्तान'में भी मकर संक्रांति की एक झलक मिलती है। एक सीन में उनका किरदार अपने गांव की गलियों में पतंगबाजी करता हुआ नजर आता है।

### काई पो चे

दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की फिल्म 'काई पो चे'साल 2013 में रिलीज हुई। इस फिल्म में भी 'मांझा'नाम से एक गाना था, जिसमें सुशांत, राजकुमार राव और अमित साध दोस्तों के किरदार में नजर आते हैं। फिल्म में सभी मिलकर मकर संक्रांति का त्योहार मनाते हैं। यह गाना भी मकर संक्रांति के मौके पर लोग काफी पसंद करते हैं।

### रईस

शाहरुख खान की फिल्मों में भारतीय त्योहारों पर कई गाने देखने को मिलते हैं। साल 2017 में उनकी फिल्म 'रईस' रिलीज हुई। इस फिल्म में 'उड़ी उड़ी जाए' गाने में मकर संक्रांति का उल्लास, उमंग दिखा। पतंगबाजी भी झलक भी मिली। इस गाने में शाहरुख खान के साथ पाकिस्तानी एक्ट्रेस माहिरा खान भी नजर आईं।

### पतंग द काइट

साल 2011 में रिलीज हुई 'पतंग द काइट' फिल्म की कहानी तो मकर संक्रांति पर की जाने वाली पतंगबाजी के ईद-गिर्द बुनी गई। इस फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी भी नजर आए थे। इस फिल्म में मकर संक्रांति पर होने वाली पतंगबाजी उत्सव के साथ एक परिवार के लोगों की जिंदगी, रिश्तों और सपनों को दिखाया गया है। तापसी पन्नू की फिल्म 'रश्मि रॉकेट' में भी मकर संक्रांति का सीक्वेंस दिखाया गया था। रश्मि की तेज दौड़ और पतंगबाजी को साथ में जोड़कर यह सीन फिल्म में दिखाया जाता है।

### इन फिल्मों में दिखी लोहड़ी की धूम

मकर संक्रांति से पहले देश भर में लोहड़ी का त्योहार मनाया जाता है। हिंदी फिल्मों में भी लोहड़ी के रंग नजर आए हैं। शाहरुख खान और प्रीति जिंटा की 'वीर जारा', में लोहड़ी का त्योहार दिखाया गया। इस फिल्म में एक गाना 'लो आ गई लोहड़ी...' अमिताभ बच्चन और हेमा मालिनी पर फिल्माया गया। इसी तरह अजय देवगन और सोनाक्षी सिन्हा पर फिल्म 'सन ऑफ सरदार' में 'तू कमाल दी...' गाना फिल्माया गया, इस गाने में लोहड़ी का उत्सव, उल्लास दिखाया गया। फिल्म 'यमला पगला दीवाना' में भी लोहड़ी का त्योहार दिखाया गया था, जिसमें दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र नजर आए थे।

### सरसों की फसलों को नुकसान पहुंचा चुका पाला, दो दिन तक रात का तापमान रहा माइनस में

# दो दिन पाले की मार के बाद राहत तीसरे दिन प्लस में आया तापमान


## ठंड के कारण प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ा, तेज धूप खिलने से चढ़ा पारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

दो दिन तक तापमान शून्य से नीचे जाने के कारण जमे पाले ने सरसों की अगेती फसल से लेकर सब्जियों की फसलों तक को नुकसान पहुंचाया है। फसलों को हुए नुकसान का पता लगभग एक सप्ताह बाद चल पाएगा, परंतु फिलहाल तेज धूप और बढ़े हुए तापमान ने हाड़ कंपाने वाली ठंड से कुछ हद तक राहत प्रदान करने का काम किया है। हालांकि तीसरे दिन भी कुछ इलाकों में फसलों पर पाला जमा है। इस सप्ताह के अंत में मौसम में बदलाव की संभावना जताई जा रही है। मंगलवार को सुबह के समय आसमान में आंशिक बादल छाए रहे। कोहरे का असर नहीं के बराबर रहा, जिस कारण सड़कों पर वाहनों की रफ्तार बढ़ गई। सुबह से ही सूरज की चमक ने कड़ाके की ठंड का असर कम कर दिया। अधिकतम तापमान 1.5 डिग्री बढ़कर 22.0 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जिससे दिन के समय ठंड का असर काफी कम रहा। न्यूनतम तापमान दो दिन बाद माइनस से प्लस में आ गया। यह 2.5 डिग्री की वृद्धि के साथ 1.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गत वर्ष की तुलना में रात का तापमान सामान्य से काफी कम और दिन का तापमान ज्यादा बना हुआ है। गत वर्ष 13 जनवरी को अधिकतम तापमान 17.5 और न्यूनतम 10.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। दिन और रात के तापमान में अंतर कम होने के कारण गत वर्ष सर्दी का असर दिन के समय ज्यादा बना हुआ था। इस बार दिन और रात के तापमान में अंतर ज्यादा बना हुआ है। इससे गत दो दिनों को छोड़ दिया जाए, तो दिन के समय मौसम का मिजाज अपेक्षाकृत गर्म रहा है।

मंगलवार को 8 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से ठंडी हवाएं चलीं, जबकि हवा में नमी का स्तर 78 प्रतिशत तक रहा। मौसम विभाग का अनुमान है कि दो दिन बाद मौसम में बदलाव आ सकता है। आसमान में बादलों के बीच बूंदाबांदी भी हो सकती है। तब तक तापमान में और वृद्धि दर्ज की जा सकती है, जो हाड़ कंपाने वाली ठंड का असर कम रखेगी।





रेवाड़ी। मंगलवार सुबह गफसल पर जमा हल्का पाला तथा सुबह बादलों से बाहर निकलता हुआ सूरज। फोटो : हरिभूमि

### पांच दिनों का तापमान

| दिनांक | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| 9 जनवरी | 18.5 | 2.8 |
| 10 जनवरी | 18.0 | 2.4 |
| 11 जनवरी | 17.5 | -0.6 |
| 12 जनवरी | 20.5 | -1.5 |
| 13 जनवरी | 22.0 | 1.0 |

(डिग्री सेल्सियस)

### बिजली की खपत में आएगी कमी

दो दिन तक तापमान में भारी गिरावट के चलते बिजली की दैनिक खपत 75 लाख यूनिट के पास पहुंच गई थी। तापमान में वृद्धि होने के साथ ही बिजली की खपत में 5 लाख यूनिट तक कमी आने का अनुमान है। इस समय घरेलू बिजली की खपत में ज्यादा वृद्धि नहीं हुई है, परंतु कृषि क्षेत्र में बिजली की मांग बढ़ी है। बारिश होने तक कृषि क्षेत्र में बिजली की मांग में कमी नहीं आएगी।

### लगातार बढ़ रही किसानों की चिंता

बीते साल जनवरी माह में बारिश होने से किसानों को काफी राहत मिली थी। इस बार अच्छी बूंदाबांदी तक नहीं हुई है, जिससे सूखी ठंड फसलों के लिए नुकसानदायी साबित होने लगी है। दो दिन तक तक पूरे जिले में पाला जमने के बाद तीसरे दिन कुछ इलाकों में हलका पाला देखने को मिला। पाला जमने के कारण सरसों की अगेती फसल को नुकसान होने का अंदेशा है। नुकसान का पता लगभग एक सप्ताह बाद लगना शुरू होगा। इस समय किसान बारिश का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अगर अच्छी बारिश होती है, तो इससे फसलों को अच्छा फायदा मिलेगा।

### खतरनाक स्तर पर पहुंचा एक्यूआई

बढ़ती ठंड और हवा में नमी बढ़ने से हवा एक बार फिर सेहत के लिए खतरनाक होने लगी है। मंगलवार को सुबह के समय धारूहेड़ा का एक्यूआई 500 के पार पहुंच गया था, जिसे काफी खतरनाक माना जाता है। प्रदूषण के कारक तत्व हवा में नमी और ठंड के कारण भारी होकर वायुमंडल में ऊपर तक नहीं जाते। यह जमीन के आसपास ही मंडराते रहते हैं। दोपहर तक तेज धूप खिलने के कारण एक्यूआई कम होकर 300 के आसपास आ गया। इससे प्रदूषण से कुछ हद तक राहत मिली है।



### राष्ट्रीय खेल स्पर्धा में छात्राओं ने लहराया परचम

रेवाड़ी। दिल्ली के चिल्ला स्पोर्ट्स काम्पलेक्स में आयोजित राष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में डीएवी पुलिस-पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने परचम लहराया है। स्कूल की नेटबाल की टीम ने स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया है, जिससे स्कूल में खुशी का माहोल है। अंडर-14 नेटबॉल टीम में स्कूल सात छात्राओं ने हिस्सा लिया था। इनमें आठवीं कक्षा से हिमांशी, रिद्धिमा, कनिष्ठा मलिक, हर्षिका, ओजस्वीनी तथा कक्षा नौवीं कक्षा से तेजस्वी और चित्रा शामिल थीं। अंडर-17 गर्ल्स नेटबॉल में भी हरियाणा टीम ने स्वर्ण पदक जीता है, जिसमें इस स्कूल की छात्रा अद्विका शर्मा का प्रदर्शन सराहनीय रहा। अंडर-19 ताइक्वांडो प्रतियोगिता में कक्षा बारहवीं की छात्रा लावण्या ने स्वर्ण पदक हासिल करने में सफलता पाई है। स्कूल की इन छात्रों का स्वागत करते हुए प्रशासन ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



### निमा द्वारा हृदय रोगों पर सीएमई का आयोजन

रेवाड़ी। नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन की ओर से मंगलवार को नवीनतम हृदय रोगों पर विशेष सीएमई का सफल आयोजन किया गया। डॉ. तरुण राव ने इस मौके पर महत्वपूर्ण चिकित्सा सूत्र साझा किए। डॉ. तरुण राव ने अपना व्याख्यान दिया। उन्होंने लेटेस्ट कार्डियक कंडीशंस विषय पर विस्तार से चर्चा की। डॉ. राव ने बताया कि बदलती जीवनशैली और खान-पान के कारण हृदय रोगों का स्वरूप बदल रहा है और समय पर सटीक निदान ही जान बचाने का सबसे प्रभावी तरीका है। उन्होंने नई ईसीजी तकनीकों और एंजियोप्लास्टी के क्षेत्र में आए आधुनिक बदलावों पर भी रोशनी डाली। कार्यक्रम को सफल बनाने में निमा के पदाधिकारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। निमा अध्यक्ष डॉ. राकेश शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम की सफलता के लिए डा. शिव, डा. लोकेश, डा. दीपक, डा. नंद किशोर, डा. सुदर्शन, डा. चेतन, डा. मनीष का आभार व्यक्त किया गया। इन सभी के सामूहिक प्रयासों से कार्यक्रम सुचारू रूप से संपन्न हुआ।

### प्रेम एवं भाईचारे की मिसाल कायम करते हैं लोहड़ी और मकर सक्रांति पर्व: डीसी



रेवाड़ी। डीसी अभिषेक मीणा ने लोहड़ी व मकर सक्रांति पर जिला वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए इन त्योहारों के माध्यम से विभिन्न समुदायों के बीच आपसी प्यार-प्रेम व सौहार्द की मजबूती की कामना की। उन्होंने कहा कि लोहड़ी और मकर संक्रांति पर्व समाज में प्रेम एवं भाईचारे की मिसाल कायम करने वाले त्योहार हैं। उन्होंने कहा कि ये त्यौहार भारत की विविधता में एकता के प्रतीक हैं और ये हमारी संस्कृति के संवाहक हैं। डीसी ने कहा कि ये त्योहार देश के अलग-अलग क्षेत्रों में भिन्न-भिन्न तरीके से मनाए जाते हैं लेकिन इनका मकसद सामाजिक सौहार्द और भाईचारे की भावना को मजबूत बनाना है। हम इन पर्वों को मनाकर प्रकृति के प्रति अपनी कृतज्ञता भी प्रकट करते हैं। ये पर्व सही मायने में समाज में प्रेम व भाईचारे की अनूठी मिसाल कायम करते हैं। उन्होंने इन त्योहारों के माध्यम से सभी समुदायों के बीच प्रेम, सौहार्द और स्नेह के बंधन को मजबूत होने की कामना की।

### जन चेतना यात्रा का समापन करेंगे राव नरबीर



डहीना। कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह 16 जनवरी को सीहा के बाबा रामस्वरूपदास दादूपंथी आश्रम में दोपहर एक बजे पहुंचकर खेजड़ी बचाओ जन चेतना यात्रा का समापन करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान मुख्य वन्य संरक्षक हरियाणा करेंगे। सेवानिवृत उप वन राजिक अधिकारी कमल सिंह यादव कार्यक्रम में अपना पूरा सहयोग देंगे। राव नरबीर सिंह के मीडिया प्रभारी हरिंद्र यादव ने बताया कि राव नरबीर सिंह सीहा में होने वाले कार्यक्रम में शिरकत करने के साथ-साथ खेड़ा आलमपुर गांव में भी स्वतंत्रता सेनानी की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। वन मंत्री राव नरबीर सिंह की ओर से खेजड़ी बचाओ जन चेतना यात्रा को पूरा समर्थन दिया हुआ है।



### शिविर में दिया संख्या ज्ञान पर बुनियादी प्रशिक्षण

कोसली। नाहड़ बीआरसी ब्लाक में प्राथमिक शिक्षकों के लिए आयोजित किया गया दो दिवसीय बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान का प्रशिक्षण शिविर आज संपन्न हो गया। खंड शिक्षा अधिकारी डा. राजेंद्र यादव ने सभी अध्यापकों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए। प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी डा. राजेंद्र यादव ने बताया कि हरियाणा सरकार राजकीय विद्यालयों में प्रथम कक्षा से लेकर बारहवीं कक्षा तक शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ावा देने के लिए नित नए कदम उठा रही है। इसी कड़ी में प्राथमिक शिक्षकों के लिए यह ट्रेनिंग कैंप आयोजित किया गया। इस अवसर पर लेखा सहायक दिनेश कुमार, बीआरपी सुरेता यादव, एबीआरसी सुरेंद्र यादव, रवि कुमार, सत्येंद्र मौजूद रहे।

### सूर्य नमस्कार कार्यक्रम के तहत करवाई योग क्रियाएं

रेवाड़ी। हरियाणा योग आयोग के निदेर्शानुसार स्वामी विवेकानंद जयंती से 12 फरवरी महर्षि दयानंद सरस्वती जयंती तक सूर्य नमस्कार अभियान का आयोजन किया जा रहा है। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. बसंत कुमार ने बताया कि डीसी अभिषेक मीणा के मार्गदर्शन में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम के तहत जिला रेवाड़ी में योग संस्थाओं द्वारा व्यायाम व योग क्रियाएं करवाई जा रही है। इसी कड़ी में मंगलवार को सेक्टर-18 स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में योग संस्थाओं द्वारा व्यायाम व योग क्रियाएं करवाई गई। उन्होंने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की बड़ी ताकत है, योग को प्रतिदिन अपनी जीवनशैली में अपनाया जाए तो कई बीमारियों से बचा जा सकता है।



कोसली। शिविर में मरीजों के स्वास्थ्य की जांच करते हुए डॉक्टर। फोटो : हरिभूमि

### शिविर में 250 मरीजों के स्वास्थ्य की हुई जांच

कोसली। स्वामी विवेकानंद जयंती पर विवेकानंद हेल्थ मिशन ट्रस्ट की ओर से नेहरूगढ़ के राव अमर सिंह मेमोरियल अस्पताल में एक मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में क्षेत्र के लगभग 250 मरीजों ने विभिन्न रोगों के लिए जांच एवं परामर्श का लाभ उठाया। ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष रामचंद्र यादव ने बताया कि ट्रस्ट समय-समय पर समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के उद्देश्य से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित करता रहता है। इस अवसर पर डॉ. नीरज आजाद यादव ने कहा कि ट्रस्ट स्वामी विवेकानंद के सिद्धांत नर सेवा ही नारायण सेवा को अपने कार्यों का मूल आधार मानकर निरंतर जनसेवा में तत्पर है। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं, जिनमें डॉ. मोनू महान, डॉ. प्रिया यादव, डॉ. सौरभ शामिल रहे। कार्यक्रम में डॉ. मनोज यादव, डॉ. राजेश्वरी यादव, डॉ. द्रोण देव, पूर्व सरपंच मुंसी राम, चमन गर्ग सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। शिविर के सफल संचालन में ट्रस्ट के कार्यकर्ताओं डॉ. पवन, विजय प्रकाश, जय लक्ष्मी, सौरव,पुष्पेंद्र, कर्मवीर, सावरकर, ओजश तथा धर्मेंद्र का विशेष योगदान रहा।

# गोसेवा के लिए प्रशासन सहयोग को प्रतिबद्ध

### शिव मोहन गोशाला के वार्षिकोत्सव में शरीक हुए डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जाटूसाना

प्रदेश में गोवंश का संरक्षण करने के लिए हरियाणा सरकार ने जो महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जिला प्रशासन उनका पूरी तरह से निर्वाह कर रहा है। गोशालाओं के माध्यम से की जा रही गो सेवा का हम सम्मान करते हैं और इस दिशा में प्रशासन अपना सक्रिय सहयोग दे रहा है। जाटूसाना शिव मोहन गोशाला के वार्षिकोत्सव को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित करते हुए डीसी अभिषेक मीणा ने आज ये शब्द कहे। उन्होंने कहा कि गोशाला में गायों को रखने की केवल औपचारिकता ना हो, अपितु उनकी उचित देखभाल तथा गोवंश का अच्छी तरह से लालन-पालन होना चाहिए। गायों की सेवा को एक बड़ा पुण्य कार्य माना गया है। इसलिए गोसेवा में किसी प्रकार की कमी ना रखें। उनके स्वास्थ्य की समय-समय पर जांच करवाई जाए।

डीसी ने कहा कि दुग्ध उत्पादन में भी गोशालाएं अपना अप्रतिम योगदान दे रही हैं। शिव मोहन गोशाला प्रबंधन समिति का सदस्य होने के नाते डीसी ने उत्सव में आए दानदाताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने यह विश्वास दिलाया कि जो भी सहयोग राशि शिव मोहन गोशाला को दी गई है, उसमें बढ़ोतरी करके उसका गो सेवा कार्य में सदुपयोग किया जाएगा। समारोह में शिव मोहन गोशाला की ओर से डीसी को दिए गए मांगपत्र में शेड बनवाने, गोशाला में स्टाफ के लिए कमरे बनवाने आदि मांगे रखी गईं। जिनको मुख्य अतिथि ने प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाने का आश्वासन दिया। डीसी अभिषेक मीणा ने सभी उपस्थित जनों को मकर संक्रांति पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस समारोह में लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम, यज्ञ-हवन तथा भंडारे का भी आयोजन किया गया। वार्षिक उत्सव में जाटूसाना और आसपास के हजारों लोगों ने शिरकत की।



रेवाड़ी। गोशाला में डीसी का स्वागत करते हुए पदाधिकारी व अन्य।

### यह रहे मौजूद

इस मौके पर पूर्व मंत्री विक्रम सिंह ठेकेदार, गोरक्षा सेवा समिति के प्रधान अजय मित्तल, टी.सी. राव, गौशाला प्रधान जयसिंह, प्रेमनाथ गेरा, शिव कुमार शर्मा, संजय डाटा, विजय मोहदीपुर, कैप्टन वीरेंद्र यादव, कोषाध्यक्ष ताजेंद्र सिंह, आईटीबीपी के सेकेंड कमांड अधिकारी विजेंद्र सिंह, एजुडेंट अनूप कुमार गुप्ता, नगर पार्षद राजेंद्र सिंह, अशोक फौजी इत्यादि मौजूद रहे।

# सेना भर्ती के लिए शारीरिक दक्षता एवं मापदंड परीक्षा 28 से भिवानी में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सेना भर्ती 2025-2026 अग्निवीर स्कीम और स्थायी श्रेणी के तहत ऑनलाइन परीक्षा पास कर चुके उम्मीदवारों के लिए 28 जनवरी 2026 से 12 फरवरी 2026 के बीच शारीरिक दक्षता एवं मापदंड परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। सेना भर्ती कार्यालय चरखी दादरी ने अग्निवीर श्रेणी, अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर क्लर्क/ स्टोर कीपर टेक्निकल, अग्निवीर टेक्निकल और अग्निवीर ट्रेड्समैन में सामान्य प्रवेश परीक्षा पास कर चुके उम्मीदवारों को सूचित किया है कि उनको शारीरिक दक्षता एवं मापदंड परीक्षा के लिए 28 जनवरी 2026 से 12 फरवरी 2026 के बीच एडमिट कार्ड पर दिए गए समय के अनुसार भीम स्टेडियम, भिवानी में उपस्थित होना होगा। यह भर्ती रैली उन अभ्यर्थियों के लिए है जिन्होंने सीईई परीक्षा जून 2025 में सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की है। शारीरिक दक्षता और मापदंड परीक्षा संबंधी सभी जानकारी अधिसूचना में उल्लेखित है जिसे सम्बंधित भर्ती कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

### यह दस्तावेज लाने होंगे साथ

सभी उम्मीदवार अपने साथ दस्तावेज का सत्यापन करने के लिए 10वीं एवं 12वीं पास की मार्कशीट, निवास प्रमाण पत्र (ऑनलाइन), चरित्र प्रमाण पत्र (ऑनलाइन), पुलिस वेरिफिकेशन (ऑनलाइन), एनसीसी, खेल प्रमाण पत्र, सेना से संबंधित प्रमाण पत्र (रिलेशन सर्टिफिकेट) और एडमिट कार्ड में सूचित अन्य दस्तावेज लाने होंगे। इसके अलावा उम्मीदवार अधिक जानकारी के लिए ऑफिसियल नोटीफिकेशन को भी जरुर चेक कर ले। इसकी सूचना लिखित परीक्षा में सफल हुए उम्मीदवारों के पंजीकृत ईमेल आईडी पर भी भेजी जाएगी।

### संक्रांति पर गोमाता को सीमित मात्रा में खिलाएं गुड़, अधिकता से हो सकती है गंभीर बीमारी

कोसली। मकर संक्रांति के पावन पर्व पर गोमाता को गुड़, चारा व अन्य खाद्य पदार्थ खिलाने की परंपरा है, लेकिन गोमाता के स्वास्थ्य को ध्यान में रखना अत्यंत आवश्यक है। बाबा मुक्तेश्वरपुरी गोशाला के सेवक अमन सेठ व हैप्पी यादव ने गोभक्तों और आमजन से अपील की है कि वे गोमाता को अत्यधिक मात्रा में गुड़ न खिलाएं, क्योंकि इससे गायों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि मकर संक्रांति के दिन कई लोग पुण्य कमाने की भावना से गोमाता को जरूरत से ज्यादा गुड़ खिला देते हैं। जिससे गायों के पेट में अफारा हो जाता है। इसके कारण गायों को तेज दर्द, बेचैनी, भूख न लगना, चलने में परेशानी जैसी समस्याएं हो सकती हैं और कई मामलों में गाय गंभीर रूप से बीमार भी हो जाती है। गो सेवकों ने बताया कि अत्यधिक गुड़ खाने से गायों का पाचन तंत्र बिगड़ जाता है, जिससे उनका इलाज कराना पड़ता है और कई बार जान का भी खतरा बन जाता है। उन्होंने कहा कि गोसेवा का अर्थ केवल खिलाना ही नहीं, बल्कि गोमाता के स्वास्थ्य और सुरक्षा का ध्यान रखना भी है। गो सेवकों न मकर संक्रांति पर गोमाता को थोड़ी मात्रा में ही गुड़, हरा चारा, सूखा चारा या संतुलित आहार देने की अपील की है। साथ ही यदि कोई गोमाता बीमार दिखाई दे तो तुरंत नजदीकी पशु चिकित्सक या गोशाला को सूचना दें। उन्होंने कहा कि सजग और समझदारीपूर्ण गोसेवा से ही गोमाता स्वस्थ रहेंगी और पर्व का वास्तविक पुण्य भी प्राप्त होगा।

### डीसी ने जरुरतमदों को वितरित किए कंबल

रेवाड़ी। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष एवं डीसी अभिषेक मीणा ने लोहड़ी और मकर संक्रांति पर्व के उपलक्ष्य में मंगलवार को जरुरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए। उन्होंने आमजन से भी जरूरतमंदों का सहयोग करने का आह्वान करते हुए इसे सबकी नैतिक जिम्मेदारी बताया। डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि लोहड़ी और मकर संक्रांति पर्व देशभर में पूरी श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इन त्योहारों को सभी लोग मिल जुलकर मनाते हैं। वहीं सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के साथ-साथ आमजन भी जरूरतमंदों लोगों की मदद करके उनके जीवन में खुशहाली लाने का कार्य करते हैं। उन्होंने लोगों से जरूरतमंदों के सहयोग का सहयोग करने का आह्वान भी किया।

**राजनीति** | टिकट न मिलने से हैट्रिक से वंचित रह गए, संगठन ने फिर जताया भरोसा

# असम विस चुनाव के लिए सह प्रभारी बने डा. बनवारीलाल

### पार्टी संगठन का भरोसा लगातार बरकरार है

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

गत विधानसभा चुनावों भले ही टिकट नहीं मिलने के कारण पूर्व मंत्री डा. बनवारीलाल हैट्रिक से वंचित रह गए हों, परंतु पार्टी संगठन का भरोसा उन पर लगातार बरकरार है। पूर्व में कई प्रदेशों और पानीपत नगर निगम चुनावों में प्रभारी की भूमिका निभा चुके डा. बनवारीलाल को भाजपा अनुसचित जाति मोर्चा का असम विधानसभा चुनावों में सह प्रभारी बनाया गया है। इसके डा. बनवारीलाल की संगठन पर मजबूत पकड़ का परिणाम माना जा रहा है, जो आने वाले समय में उनके राजनीतिक कद को बढ़ाने वाला साबित हो सकता है। पार्टी की ओर से हाल ही में पश्चिमी बंगाल, असम, तमिलनाडू, पुड्डुचेरी और केरल विधानसभा चुनावों को प्रभारी और सह प्रभारी बनाए गए हैं। असम विधानसभा चुनावों के लिए डा. बनवारीलाल को सह प्रभारी बनाया गया है। डा. बनवारीलाल इससे पूर्व भी बिहार, दिल्ली व अन्य राज्यों में विधानसभा चुनावों के दौरान बड़ी जिम्मेदारी निभा चुके हैं। बीते साल नगर निगम चुनावों में भी उन्हें पानीपत में जिम्मेदारी सौंपी गई थी। डा. बनवारीलाल को जहां भी चुनावों के दौरान जिम्मेदारी सौंपी गई, वहीं पार्टी को सफलता मिली। संगठन की ओर से डा. बनवारीलाल पर बार-बार भरोसा जताया जा रहा है। ऐसे में अनुमान यह भी लगाया जा रहा है कि उनकी कर्तव्यनिष्ठा को देखते हुए आने वाले समय में पार्टी उन्हें बड़ी जिम्मेदारी सौंप सकती है। सीनियर नेता होने के नाते डा. बनवारीलाल लगातार संगठन को मजबूती प्रदान करने की दिशा में कार्य कर रहे हैं।

अनुसूचित जाति मोर्चा का चुनाव सह प्रभारी बनाकर भाजपा ने डा. बनवारीलाल पर एक बार फिर से विश्वास जताया है।



रेवाड़ी। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ोली से मुलाकात करते हुए डा. बनवारीलाल। (फाइल फोटो)

### तीन बार रिकॉर्ड बनाने से चूक गए

डा. बनवारीलाल ने वर्ष 2014 में बावल हलके से पहला विधानसभा लड़ते हुए जीत हासिल की थी। उन्हें टिकट दिलाने में केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की भूमिका रही थी। इसके बाद पार्टी ने उन पर वर्ष 2019 में भी विश्वास जताया, तो बनवारीलाल शकुंतला भगवाड़िया के बाद लगातार दूसरी बार चुनाव जीतने वाले बावल हलके के कद्दावर नेता बन गए। गत विधानसभा चुनावों में उनके पास लगातार तीसरी बार बावल से चुनाव जीतकर इस हलके में रिकार्ड बनाने का मौका था, परंतु टिकट नहीं मिलने के कारण वह चूक गए।

### 'बागी' होने की बजाय साथ निभाया

केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने गत विधानसभा चुनावों में डा. बनवारीलाल की टिकट कटवा दी थी। इसके बावजूद उन्होंने 'बागी' होने की बजाय भाजपा प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित कराने के लिए जमीनी स्तर पर चुनावों में काम किया। राव के कारण टिकट से वंचित रहने के बावजूद उन्होंने केंद्रीय मंत्री से दूरी नहीं बनाई। उन्होंने पार्टी संगठन के सीनियर नेताओं से भी लगातार नजदीकियां बनाए रखीं, जिस कारण पार्टी उन पर चुनावों के समय पूरा भरोसा जताती रही है।

# पंचायती झोटा चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

रेवाड़ी। गांव प्राणपुरा से गत 22 दिसंबर को पंचायती झोटा चोरी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने झोटा चोरी करने के बाद उसे मेले में बेच दिया था। उससे 23 हजार रुपये बरामद किए गए हैं। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। बावल थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में होशियार ने बताया था कि नूंह के नोटका निवासी मुरखा खान चंद्रसिंह के घर रहता था। 22 दिसंबर को उसने गांव के ही द्रविड़ से कटड़ी का सौदा किया था। कटड़ी के साथ वह गांव के झोटे को भी गाड़ी में बैठा ले गया। उसने पुलिस से झोटा बरामद कराने की मांग की थी। पुलिस ने उसकी शिकायत पर चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी।

**OFFICE OF THE PRINCIPAL GOVT. COLLEGE FOR WOMEN, NARNAUL**

**Tender Notice**

Tender is hereby invited for cleaning of premics and housekeeping etc. Service in Govt. College for Women, Narnaul from the interested and eligible tenders/ service Cooperative L&C Societies (Approved by Govt. of Haryana) having at leust three year experience in similar service in prescribed from. Interested Tender/Service Cooperative L&C Societies can collect tender forms from the Office of Govt. College for Women, Narnaul on any working day between 09-00 a.m. to 04.00 p.m. by paying 500/- (Payable Through demand draft/Cheque of any nationalized bank drawn in favor of Principal Govt. College for Women, Narnaul). all terms and condition will be attached with the form.

Last date of receipt of sealed tender document :- 19.01.2026 upto 04.00 PM
Date of opening of tender :- 21.01-2026 at 01.00 PM

## खबर संक्षेप



### गोवंश उपचारशाला में खाद्य सामग्री एवं कम्बल बांटे

**मंडी अटेली।** बाबा खेतानाथ गोवंश उपचारशाला सिहमा में गोगाजी भगत संदीप ने अपनी बेटी ईशानी का जन्मदिन गायों के खाद्य सामग्री एवं गोसेवकों को कम्बल वितरित कर मनाया। भगत संदीप ने क्षेत्रवासियों से आह्वन किया कि प्रत्येक व्यक्ति अपने जन्मदिन पर गोशाला में खाद्य सामग्री दान करें, ताकि गोमाता का पेट भर सके। हम सभी को गौशाला की सेवा करनी चाहिए। अपना जन्मदिन जब भी मनाए गौशाला में दान करें ताकि गौ माता का पालन पोषण हो सके।



### बाबा गुदड़िया गोशाला में पांचवें दिन कार्यक्रम जारी

**महेंद्रगढ़।** श्री कृष्ण बाबा गुदड़िया गोशाला माधोगढ़ में पांचवें दिन के कार्यक्रम में तरुण बालियान कंपटीशन के गोशाला कार्यक्रम में मुख्यातिथि महाराम परिवार बलाना के सूबेदार रतन सिंह पुत्र हवलदार मुख्तार सिंह, कैप्टन रामप्रकाश, रमेश पार्षद बलाना व रामफल शर्मा सचिव बारड़ा रहे। कार्यक्रम में मुख्यातिथि कैप्टन महाशय बलाना ने 258000 रुपये, रतन सिंह ने 111000 रुपये, व कैप्टन रामप्रकाश ने 109100 रुपये गोशाला को उपहार स्वरुप भेंट किए।



### सत्कर्मों से सद्बुद्धि की प्राप्ति होती है: आचार्य

**नारनौल।** गांव डोहर खुर्द में मकर संक्रांति के पावन पर्व पर 108 कुंडीय महायज्ञ एवं सत्संग का आयोजन किया गया। यज्ञ संयोजक ब्रह्मचारी हरीश कुमार ने बताया यह आयोजन समस्त ग्रामवासी डोहर एवं बाबा दूधाधारी सेवा समिति के तत्वाधान में किया गया। महायज्ञ के ब्रह्मा एवं आशीर्वाद प्रदाता आचार्य प्रद्युम्न गुरुकुल खानपुर रहे। उन्होंने कहा कि मनुष्यों को जीवन में सत्कर्म करने चाहिए, जिससे सद्बुद्धि की प्राप्ति होती है।

### खंड स्तरीय महिला खेलकूद कल

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से जारी दिशा निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय की ओर से आगामी 15 जनवरी को सुबह 10 बजे श्री कृष्णा स्कूल के खेल मैदान में खंड स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में विधायक कंवर सिंह यादव मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे। महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी सुनीता देवी ने बताया कि इसमें 18 से 30 वर्ष की महिलाओं के लिए 300 मीटर दौड़ आयोजित होगी।

## अटेली व नारनौल स्टेशनों पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य, ट्रेनें रहेंगी प्रभावित

# सुगम रेल संचालन के लिए फुलेरा-रींगस रेवाड़ी रेलखण्ड के मध्य दोहरीकरण

रेवाड़ी-मदार एक्सप्रेस रेलसेवा 18 जनवरी से 15 फरवरी तक रद्द रहेगी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

उत्तर पश्चिम रेलवे की ओर से जयपुर मंडल के फुलेरा-रींगस-रेवाड़ी रेलखण्ड के मध्य अटेली, मिर्जापुर बाछोद व नारनौल स्टेशनों पर दोहरीकरण कार्य के कारण नॉन-इण्टरलॉकिंग कार्य किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी शशि किरण के अनुसार उपरोक्त कार्य के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित रेलसेवाएं प्रभावित रहेगी।




### रद्द रेलसेवाएं प्रारम्भिक स्टेशन से

गाड़ी संख्या 19621 फुलेरा-रेवाड़ी एक्सप्रेस रेलसेवा 18 जनवरी से 15 फरवरी तक (29 ट्रिप) रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 19618 रेवाड़ी-मदार एक्सप्रेस रेलसेवा 18 जनवरी से 15 फरवरी तक (29 ट्रिप) रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 09733 जयपुर-भिवानी स्पेशल रेलसेवा 18 जनवरी से 31 जनवरी तक (14 ट्रिप) रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 09734 भिवानी-जयपुर स्पेशल रेलसेवा 18 जनवरी से 31 जनवरी तक (14 ट्रिप) रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 09637 रेवाड़ी-रींगस स्पेशल रेलसेवा 18 जनवरी, 23 से 26 जनवरी, 29 जनवरी व 31 जनवरी को (07 ट्रिप) रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 09638 रींगस-रेवाड़ी स्पेशल रेलसेवा 18 जनवरी, 23 से 26 जनवरी, 29 व 31 जनवरी को (07 ट्रिप) रद्द रहेगी।

### मार्ग परिवर्तित रेलसेवाएं प्रारम्भिक

गाड़ी संख्या 19604 गोड्डा-दौराई रेलसेवा 20 जनवरी, 27 जनवरी, तीन फरवरी व 10 फरवरी को (04 ट्रिप) गोड्डा से प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन अपने निर्धारित मार्ग रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-अलवर-जयपुर-फुलेरा होकर संचालित होगी तथा परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा अलवर, बांदीकुई, गांधीनगर जयपुर व जयपुर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 14087 दिल्ली-जैसलमेर रेलसेवा 18 जनवरी से 15 फरवरी तक (29 ट्रिप) दिल्ली से प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन अपने निर्धारित मार्ग रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-अलवर-जयपुर-फुलेरा होकर संचालित होगी तथा परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा अलवर, बांदीकुई, गांधीनगर जयपुर व जयपुर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। गाड़ी संख्या 22452 चंडीगढ-बान्द्रा टर्मिनस रेलसेवा 18 जनवरी, 21, 25, 28 जनवरी, एक फरवरी, चार, आठ, 11 व 15 फरवरी को (09 ट्रिप) चंडीगढ़ से प्रस्थान करेगी। यह अपने निर्धारित मार्ग रेवाड़ी-रींगस-फुलेरा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी-अलवर-जयपुर-फुलेरा होकर संचालित होगी तथा परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा अलवर, बांदीकुई, गांधीनगर जयपुर व जयपुर स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

## जीवन रक्षकों के सम्मान में राहवीर योजना

# दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने पर मिलेगा पुरस्कार : एसपी वशिष्ठ

एक व्यक्ति को 1 वर्ष में अधिकतम 5 बार किया जा सकता है इस पुरस्कार से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

सड़क सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करते हुए व आम जनता को आपातकालीन स्थितियों में आगे आने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से राहवीर (पूर्व में गुड समैरिटन स्कीम) योजना के लिए नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। यह संशोधित योजना 21 अप्रैल 2025 से प्रभावी मानी जाएगी और 31 मार्च 2026 तक लागू रहेगी। इस योजना का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटना के शिकार लोगों को गोल्डन ऑवर (चोट लगने के बाद का वह महत्वपूर्ण एक घंटा, जिसमें जान बचने की संभावना सबसे अधिक होती है) के भीतर तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान करके उनका जीवन बचाना है। योजना के तहत कोई भी व्यक्ति जो मोटर वाहन से जुड़ी गंभीर दुर्घटना के शिकार पीड़ित को तत्काल सहायता देकर अस्पताल पहुंचाता है और उसकी जान बचाता है, उसे राहवीर के रूप में मान्यता दी जाएगी। ऐसे प्रत्येक जीवन रक्षक को प्रोत्साहन के रूप में प्रति घटना 25 हजार रुपये का नकद पुरस्कार व एक प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। यदि एक से अधिक राहवीर मिलकर किसी एक पीड़ित की जान बचाते हैं, तो पुरस्कार राशि उनके बीच विभाजित की जाएगी।


एसपी पूजा वशिष्ठ

### समिति सबसे योग्य 10 राहवीरों को चुनेगी

राज्य स्तर के पुरस्कारों के अलावा मंत्रालय ने राष्ट्रीय स्तर के सम्मान का भी प्रावधान किया है। राज्य स्तरीय निगरानी समिति की ओर से भेजे गए प्रस्तावों में से मंत्रालय की मूल्यांकन समिति सालभर के सबसे योग्य 10 राहवीरों का चयन करेगी। इन राष्ट्रीय विजेताओं को दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान एक लाख रुपये का नकद पुरस्कार, ट्रॉफी व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। गंभीर दुर्घटना में वे मामले शामिल होंगे, जिनमें पीड़ित को बड़ी सर्जरी, न्यूनतम तीन दिन के अस्पताल में भर्ती होने या रीढ़ की हड्डी की चोट का सामना करना पड़ा हो।

### जिला स्तर पर की जाएगी समिति गठित

पुरस्कार प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए जिला स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक मूल्यांकन समिति गठित की जाएगी। जब कोई राहवीर पीड़ित को अस्पताल पहुंचाएगा, तो संबंधित डॉक्टर उसे एक आधिकारिक लेटर पैड पर पावती प्रदान करेंगे। इस जानकारी को जिला समिति की ओर से सत्यापित किया जाएगा और ई डीएआर पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। लाभार्थी के विवरण अपलोड होने के बाद राज्य परिवहन विभाग की ओर से पुरस्कार राशि सीधे उनके बैंक खाते में जमा कर दी जाएगी।

### आरोग्या स्वस्थ जीवन की आधारशिला कार्यक्रम आयोजित

**नारनौल।** महिलाओं के स्वास्थ्य, सशक्तिकरण व सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आरोग्या स्वस्थ जीवन की आधारशिला विषय पर भव्य सत्र का आयोजन श्रीमती हस्ती देवी जनकल्याणार्थ समिति की ओर से किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र की हजारों महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस मौके पर जिला युवा अधिकारी नित्यानंद यादव, प्राचार्य बाबूलाल यादव, राजेश्वरी आदि मौजूद थे।

# देवयानी टैलेंट रिवॉर्ड एग्जाम का दूसरा चरण संपन्न

■ बच्चों को बैग देकर किया सम्मानित

**महेंद्रगढ़।** देवयानी इंटरनेशनल स्कूल बेवल में देवयानी टैलेंट रिवॉर्ड एग्जाम का दूसरा चरण सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। प्रथम फेज का एग्जाम ऑनलाइन मोड में गत चार जनवरी को हुआ था। प्रथम फेज में हजारों बच्चों ने ऑनलाइन मोड के एग्जाम को क्वालिफाई करने के बाद स्कूल पहुंचकर दूसरे फेज को उत्तीर्ण करके कैश प्राइज और स्कूल किट बैग प्रोत्साहन के रूप में प्राप्त किया। इस परीक्षा की सबसे महत्वपूर्ण बात ये रही कि परीक्षा का परिणाम एक घंटे के अंतराल में ही घोषित किया गया और प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को क्रमशः 2100 रुपये किट बैग, 1100 रुपये किट बैग और 500 रुपये किट बैग पुरस्कार के रूप में देकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। बच्चों के साथ स्कूल पहुंचने वाले सभी अभिभावकों का प्राचार्य बलवान सिंह ने अभिवादन किया। चेयरमैन सुनील कुमार ने बताया कि इस परीक्षा का आयोजन हर साल किया जाता है, जिसमें बच्चों को पुरस्कार और स्कॉलरशिप देकर उनका उत्साहवर्धन किया जाता है। बच्चों की परीक्षा के दौरान अभिभावकों ने कैरियर काउंसलिंग में आईआईटी, नीट, क्लैट, एनडीए, और सैनिक स्कूल के एग्जाम से संबंधित जानकारी प्राप्त की।


महेंद्रगढ़। परीक्षा देते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## सुधीर ने महायज्ञ में शामिल होने का दिया निमंत्रण

# कुंडीय महायज्ञ और श्रीराम कथा से समाज को मिलेगा भाईचारे का संदेश: विनीत पिलानिया

**नांगल चौधरी।** जौरासी धाम में 23 जनवरी से भव्य 151 कुंडीय महायज्ञ एवं श्रीराम कथा का शुभारंभ होने जा रहा है। इस विशाल धार्मिक आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना हुआ है। महायज्ञ व श्रीराम कथा के माध्यम से समाज में भाईचारे, समरसता और नैतिक मूल्यों का संदेश दिया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क है। महायज्ञ स्थल का निरीक्षण जिला पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, पार्किंग व्यवस्था तैयारियों का जायजा लिया।


विनीत पिलानिया

■ स्वयंसेवकों को सौंपी व्यवस्था बनाने की जिम्मेवारी

### पर्यावरण को स्वच्छ बनाने का मिलेगा संदेश

गोसेवक सुधीर चौधरी ने बताया कि इस तरह के धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि महायज्ञ व श्रीराम कथा जैसे आयोजन लोगों में आपसी भाईचारे की भावना को मजबूत करते हैं। साथ ही हवन यज्ञ के माध्यम से वातावरण की शुद्धता होती है। जिससे पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलता है।

## अटेली मार्केट कमेटी की पहली बैठक आयोजित



**मंडी अटेली।** अटेली मार्केट कमेटी परिसर में शपथ ग्रहण के बाद पहली आवश्यक बैठक आयोजित की गई, जिसमें अनाज मंडी के समग्र विकास को लेकर ठोस रणनीति तैयार की गई। बैठक की अध्यक्षता मार्केट कमेटी चेयरमैन दिनेश जैलदार ने की। बैठक में सभी सदस्यों ने भाग लेते हुए मंडी में व्याप्त व्यवस्थागत कमियों और भविष्य की जरूरतों पर अपने विचार रखे। बैठक में खासतौर पर मंडी में सुरक्षा और सुविधाओं को मजबूत करने पर जोर दिया गया। सीसीटीवी कैमरे लगाकर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने, डिजिटल सुविधाओं के तहत वाई-फाई सिस्टम शुरू करने और किसान भवन को किसानों के उपयोग हेतु व्यवस्थित करने जैसे मुद्दों पर सहमति बनी। इसके साथ ही मंडी की साफ-सफाई व्यवस्था को स्थायी और प्रभावी बनाने के लिए टेंडर प्रक्रिया अपनाने पर भी चर्चा हुई। चैयरमैन दिनेश जैलदार ने कहा कि मंडी को आधुनिक सुविधाओं से लैस करना उनकी प्राथमिकता है।

## आज से होगा साइबर जागरूकता कार्यक्रमों का आगाज

# डीएलएसए चलाएगा मैनेजिंग द डिजिटल वर्ल्ड थिंक बिफोर यू शेयर अभियान

**नारनौल।** डिजिटल दुनिया के खतरों, फर्जी खबरों के प्रसार और सोशल मीडिया की लत के खिलाफ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण 14 जनवरी से 27 फरवरी तक विशेष मुहिम शुरू करने जा रहा है। जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीलम कुमारी ने बताया कि हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से वर्ष 2026 के लिए स्वीकृत एक्शन प्लान के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह अभियान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष व जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र सूरा के मार्गदर्शन में चलाया जाएगा।

### कार्यक्रम की रूपरेखा

अभियान के तहत 14 जनवरी को गांव नांगल कालिया, 17 जनवरी को कांवी, 21 जनवरी को बड़कोदा व 23 जनवरी को अकबरपुर में शिविर लगाए जाएंगे। इसके पश्चात 29 जनवरी को सिरोही बहाली, फरवरी माह में दो फरवरी को गहली, छह को कारोता, 11 को भांखरी, 18 को बलाहा व 27 फरवरी को शोभापुर में कार्यक्रम आयोजित होंगे।

### विशेषज्ञ रखेंगे फोकस

डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम 2023 और आईटी एक्ट की मुख्य धाराएं, फर्जी खबरों को पहचानने के लिए रुकें, जांचें और रिपोर्ट करें का मंत्र, साइबर फ्रॉड की शिकायत हेतु नेशनल हेल्पलाइन नंबर 1930 है।

## यात्रा नई मंडी से शुरू होकर कथा स्थल अग्रवाल सभा भवन पहुंचेगी

# अग्र भागवत कथा का आयोजन कल से, 200 कलशों के साथ निकलेगी यात्रा

■ कलश यात्रा से होगी भागवत कथा कार्यक्रम की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

श्री अग्रवाल सभा भवन में 15 जनवरी से अग्र भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन में कथा व्यास पूज्य श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर आचार्य नर्मदा शंकर पुरी महाराज के मुखारविंद से श्रद्धालु अग्र भागवत कथा का रसपान करेंगे। आयोजन को लेकर अग्रवाल समाज व आयोजक मंडल की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

कार्यक्रम की शुरूआत भव्य कलश यात्रा से होगी। यह यात्रा अग्रवाल सभा से आरंभ होकर नई मंडी, लोहा मंडी, अग्रसेन चौक होते हुए कथा स्थल श्री अग्रवाल सभा भवन पहुंचेगी। उपप्रधान सूरज अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर करीब 200 कलशों के साथ कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे। प्रधान प्रेमचंद गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि अग्र भागवत कथा का शुभारंभ दोपहर दो बजे होगा।


नारनौल। बैठक करते समाज के लोग। फोटो : हरिभूमि

### राजकीय महाविद्यालय अटेली में कक्षाएं शुरू

**मंडी अटेली।** राजकीय महाविद्यालय अटेली में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के इवन सेमेस्टर की कक्षाएं विधिवत रूप से प्रारंभ हो चुकी हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि इवन सेमेस्टर की कक्षाएं दिनांक नौ जनवरी से नियमित रूप से संचालित की जा रही हैं। प्राचार्य ने कहा कि विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के नियमों के अनुसार विद्यार्थियों के लिए न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। यदि किसी विद्यार्थी की उपस्थिति निर्धारित सीमा से कम पाई जाती है तो उसे परीक्षा,आंतरिक मूल्यांकन अथवा अन्य शैक्षणिक गतिविधियों में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## शिक्षा गेमिफिकेशन विषय पर शिक्षकों को कराया अवगत

# सूरज स्कूल में कार्यशाला आयोजित

■ राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

सूरज स्कूल में नीप 2020 एवं शिक्षा में गेमिफिकेशन पर शिक्षक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में मुख्यातिथि संस्था के मैनेजिंग डायरेक्टर संदीप प्रसाद रहे। प्राचार्य पृथ्वी सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं शिक्षा में गेमिफिकेशन विषय पर एक भव्य, सारगर्भित एवं अत्यंत प्रभावशाली शिक्षक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को नई शिक्षा नीति के प्रावधानों से अवगत कराना तथा आधुनिक, नवाचारपूर्ण शिक्षण विधियों को कक्षा शिक्षण में प्रभावी रूप से लागू करने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। प्रशासन प्रमुख जोगेंद्र तथा कार्यक्रम के मुख्य ट्रेनर नरेंद्र मिश्रा मौजूद रहे। कार्यशाला में विद्यालय के कुल 110 शिक्षकों की भागीदारी रही। सत्र के दौरान संसाधन व्यक्ति नरेंद्र मिश्रा ने नीप 2020 के प्रमुख उद्देश्य जैसे छात्रों का समग्र विकास, कौशल आधारित शिक्षा, अनुभवात्मक एवं तथा शिक्षक सशक्तिकरण पर विस्तार से प्रकाश डाला।


महेंद्रगढ़। शिक्षकों को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# यदुवंशी सोहली में माता लोढ़ी का 100वां जन्मदिन मनाया

■ कार्यक्रम में पूर्व विधायक सुभाष पुनिया ने बतौर अध्यक्ष शिरकत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

यदुवशी स्कूल सोहली में माता लोढ़ी देवी का 100वां जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह आयोजन न केवल पारिवारिक बल्कि सामाजिक और प्रेरणादायी स्वरूप का रहा। कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न विधायक उपस्थित रहे, जिसमें विधायक व पूर्व मंत्री ओमप्रकाश यादव व पूर्व जिला प्रमुख व झुंझूनू भाजपा जिला अध्यक्ष हर्षिनी कुलहरी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की तथा सूरजगढ़ के पूर्व विधायक सुभाष पूनिया व सोहली के पूर्व सरपंच राव ओमप्रकाश ने अध्यक्ष रूप में शिरकत की। भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति के सामने पुष्प अर्पित कर मेहमानों ने कार्यक्रम में शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने सभी अतिथियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का पुष्प गुच्छा देकर व बैज लगाकर सम्मान किया।


महेंद्रगढ़। अतिथियों का स्वागत करते राव बहादुर सिंह। फोटो : हरिभूमि

## कार्यक्रम | मौसम की स्टीक जानकारी देने के लिए राजकीय महाविद्यालय अटेली चिह्नित

# महिला महाविद्यालय में बनेगा ऑटोमैटिक स्वचालित मौसम सूचना केंद्र

मौसम विज्ञान संस्थान के प्रोजेक्ट डायरेक्टर और साइंटिस्ट के बीच समझौते पर हुए हस्ताक्षर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

राजकीय महिला महाविद्यालय अटेली को मौसम की स्टीक जानकारी देने के लिए भारतीय ऊष्म देशीय मौसम विज्ञान संस्थान पुणे द्वारा चिह्नित किया गया है। महाविद्यालय में स्टेशन की स्थापना के लिए भूमि चिन्हित तकनीकी परीक्षण एवं अन्य औपचारिकताएं पूरी करने के बाद महाविद्यालय प्रशासन एवं भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान के प्रोजेक्ट डायरेक्टर तथा प्रोजेक्ट साइंटिस्ट के बीच समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.प्रवीण कुमार, संपर्क कर्ता राजकुमार डॉ. नितेश सिंह रघुवंशी अनुसंधान एसोसिएट एवं कर्ण सिंह प्रोजेक्ट वैज्ञानिक ने योजना समझौते पर हस्ताक्षर किए।


मंडी अटेली। महिला महाविद्यालय अटेली में समझौते की प्रति कॉलेज प्राचार्य को सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

### मौसम संबंधित भविष्यवाणी में होगा सुधार

महाविद्यालय की प्राचार्य ने बताया कि भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विभाग संस्थान पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय भारत सरकार का एक स्वायत संगठन है। इस संस्थान द्वारा स्थापित मौसम विज्ञान केंद्र महाविद्यालय के आसपास के क्षेत्र में हवा की गति, दिशा, तापमान, नमी, वायुदाब आदि को रिकॉर्ड करके एक सर्वर के माध्यम से इसके नियंत्रण केंद्र दिल्ली एवं संस्थान नियंत्रण केंद्र पुणे भेजेगा। इसकी स्थापना से वर्तमान मौसम संबंधित भविष्यवाणी एवं पूर्व मौसम संबंधित भविष्यवाणी,आपदा प्रबंधन, कृषि तथा शहरीकरण योजना में सुधार होगा। इससे भारत सरकार की क्षेत्रीय आपदा तत्परता कार्यक्रम को बल मिलेगा। इस केंद्र की स्थापना से राजकीय महिला महाविद्यालय अटेली संस्थान को मौसम विभाग के साथ सहयोग करने के लिए एक अलग पहचान मिलेगी। महाविद्यालय में रियल टाइम वेदर डिस्प्ले को देखा जा सकेगा। इससे छात्राओं में मौसम विज्ञान एवं पर्यावरण अध्ययन के प्रति रुचि बढ़ेगी और वे चाहे तो इस उपकरण से संबंधित डाटा अपने अनुसंधान प्रोजेक्ट के रूप में उपयोग कर सकेगी अटेली के आसपास के किसानों को बारिश, सूखा, बर्फबारी के बारे में पूर्व सूचना उपलब्ध करवाई जा सकेगी। वहीं प्रोजेक्ट वैज्ञानिक ने बताया कि यह वेदर स्टेशन पूरी तरह से स्वचालित होगा जो बिना मानवीय हस्तक्षेप के कार्य करेगा।